राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–216/2024

राज्यपाल ने चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किया

पटना, 19 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 के फाइनल मैच में विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किया। विजेता टीम को एक–एक लाख रुपये एवं उप विजेता टीमों को 50–50 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने सेमीफाइनल मैच के उप विजेताओं को भी ट्रॉफी प्रदान किया।

इस टूर्नामेंट के महिला वर्ग के फाइनल मैच में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की टीम ने वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की टीम को 45–29 तथा पुरूष वर्ग के फाइनल मैच में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की टीम ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की टीम को 44–30 से हराकर ट्रॉफी जीता।

चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 में विभिन्न विश्वविद्यालयों सहित 23 संस्थानों की पुरूषों की 23 एवं महिलाओं की 17 अर्थात् कुल 40 टीमों ने भाग लिया। कुल 71 मैच खेले गए, जिनमें 49 लीग मैच, 08 प्री–क्वार्टर फाइनल, 08 क्वार्टर फाइनल, 04 सेमी फाइनल एवं 02 फाइनल मैच शामिल हैं।

चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट के आयोजन से बिहार की खेल संस्कृति में एक नया अध्याय जुड़ा है। राज्य सरकार शिक्षा के साथ–साथ खेल के विकास के लिए भी प्रयत्नशील है और इसने पृथक खेल विभाग का गठन कर इसके प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने कहा कि बिहार हर क्षेत्र में प्रगति करना चाहता है और यहाँ के विश्वविद्यालयों के पास युवा शक्ति भी है। उन्होंने एक विश्वविद्यालय में चल रहे स्वीमिंग पूल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने को कहा ताकि बच्चों को तैराकी की सुविधा मिल सके।

समारोह को माननीय शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के खिलाड़ीगण, निर्णायक मंडल के सदस्यगण, इस प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े महानुभावगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....